निर्धारित लक्ष्य से न भटकें विद्यार्थी: प्रो. ओंकार सिंह

■ सिद्धार्थ ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस में फ्रेशर पार्टी का आयोजन

देहरादून (एसएनबी)। सिद्धार्थ ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस में नए विद्यार्थियों के स्वागत में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं को विभिन्न खिताब से नवाजा गया। इसके साथ ही छात्रों को संस्थान के अनुशासन आदि से जुड़ी जानकारियां दी गई।

रविवार को बतौर वीर माधव सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर ओंकार सिंह, चेयरमैन दुर्गा वर्मा व केडी शाही ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बतौर मुख्य अतिथि प्रोफेसर ओंकार सिंह ने विद्यार्थियों को अपने निर्धारित लक्ष्य से न भटकने के लिए अगाह किया। इसके साथ ही विद्यार्थियों को उनके कर्तव्यों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति को कार्यान्वित करने के लिए पाठ्यक्रमों के आर्डिनेंस में जरूरी परिवर्तन समय की आवयकता के अनुरूप दिया गया है। इससे छात्र-छात्राओं को एच्छिक विषयों को पढ़ने का अवसर मिलेगा। संस्थान के चेयरमैन दुर्गा वर्मा ने छात्र-छात्राओं के हित में काम करने का आश्वासन दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान चीटिंग न करने की हिदायत दी। विश्वविद्यालय के कार्यो में जरूरत पड़ने पर हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। सिद्धार्थ ला कालेज के डायरेक्टर पूर्व न्यायाधीश केडी शाही ने अतिथियों का आभार जताया। अभिभावकों ने व्यवस्थाओं की जमकर सराहना की। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर डायरेक्टर एडमिन डीके त्यागी, प्राचार्य डा.शराफत अली, डा.संजय सिंह, डा.अनिल पुरबिया ने भी विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में सांस्कृतिक परिषद के प्रवेश कोली, हर्षी, सुमित, मनीषा, गौरव सैनी, स्वर्णिम आदि ने सहयोग दिया।

कुलपति ओंकार सिंह का स्वागत करते कालेज के चेयरमैन दुर्गा वर्मा, भांगड़ा नृत्य की प्रस्तुति देते बच्चे।

Scanned with CamScanner